नई दिल्ली, बुधवार
27 जून 2018
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+8=28

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

पुलिस जांच में तन्वी उर्फ सादिया का झूठ उजागर } 1
आपातकाल की उपज था महाभियोग प्रस्ताव : मोदी } 1

हवाई अड्डे के पास बसेगा आधुनिक शहर

जेवर हवाई अड्डा

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के समीप अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बसेगा। इस शहर में आधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी।

शापूरजी पलोंजी कंपनी ने रुचि दिखाते हुए शहर को विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। प्राधिकरण ने कंपनी के प्रस्ताव पर विचार का भरोसा दिया है।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण होगा। निर्माण के लिए जल्द ही अंतरराष्ट्रीय निविदा आमंत्रित की जाएगी। हवाई अड्डे से 2022-23 में हवाई सेवाओं का संचालन शुरू होने की उम्मीद है। जेवर हवाई अड्डे बनने के बाद यहां आने वाले यात्रियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं की जरूरत होगी। इसे देखते हुए हवाई अड्डे के आस पास के इलाके को आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। यह शहर अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त होगा। इसमें होटल, रेस्त्रां, मॉल, शॉपिंग कांप्लेक्स, फूड कोर्ट के अलावा परिवहन, बिजली, पानी आदि की स्तरीय ढांचा विकसित किया जाएगा। मंगलवार को शापूरजी पलोंजी कंपनी के प्रतिनिधियों ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ डा. अरुणवीर सिंह के साथ बैठक की और शहर को विकसित करने का प्रस्ताव दिया।

प्राधिकरण के सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर हवाई अड्डे का निर्माण अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। इसके आसपास भी आधुनिक सुविधाओं से लैस शहर को विकसित करने की योजना है। ताकि जेवर हवाई अड्डे पर उतरने वाले यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो, उन्हें आधुनिक सुविधाएं हवाई अड्डे के आस पास उपलब्ध हो जाए।